
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-150 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 12 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## सपा के गढ़ में सेंध की तैयारी, भाजपा ने मंत्रिमंडल विस्तार से बिछाई बिसात

( प्रधान सम्पादक की कलम से )
( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** विधानसभा चुनाव 2027 से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल विस्तार को भाजपा की बड़ी राजनीतिक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी ने इस विस्तार के जरिए गैर-यादव पिछड़ों, दलितों और क्षेत्रीय जातीय समीकरणों को साधने का प्रयास किया है।

खासतौर पर कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र पर फोकस करते हुए ऐसे चेहरों को आगे लाया गया है, जिनका असर ओबीसी और अनुसूचित जाति मतदाताओं पर माना जाता है। 2024 लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र में कमजोर पड़े प्रदर्शन के बाद भाजपा अब सामाजिक संतुलन और संगठनात्मक पकड़ मजबूत कर 2027 की चुनावी जमीन तैयार करने में जुट गई है। भाजपा ने इस विस्तार के जरिए साफ संकेत दिया है कि आने वाले चुनावों में सामाजिक और जातीय संतुलन उसकी सबसे बड़ी रणनीति रहने वाली है। छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है, जबकि दो मौजूदा मंत्रियों का कद बढ़ाकर उन्हें स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में भूपेंद्र सिंह चौधरी और मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं कानपुर देहात की सिकंदरा सीट से विधायक अजीत सिंह पाल और मेरठ दक्षिण से विधायक सोमेंद्र तोमर को राज्यमंत्री से प्रोन्नत कर स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। इसके अलावा कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र सिंह दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया है। भाजपा ने इस विस्तार के जरिए गैर-यादव पिछड़े और दलित वोट बैंक को साधने की रणनीति पर खास जोर दिया है। माना जा रहा है कि पार्टी ने समाजवादी पार्टी के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समीकरण को कमजोर करने के लिए यह सामाजिक संतुलन तैयार किया है। खासतौर पर कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए कई ऐसे चेहरों को आगे लाया गया है, जिनका प्रभाव पिछड़ी और दलित जातियों में माना जाता है। मंत्री बनाए गए कैलाश राजपूत और अजीत सिंह पाल के जरिए भाजपा ने लोधी राजपूत और अन्य पिछड़ा वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी की है। इसका असर कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, औरैया और इटावा तक देखने को मिल सकता है। कन्नौज से पहले ही असीम अरुण सरकार में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऐसे में इसे सीधे तौर पर अखिलेश यादव की सामाजिक और राजनीतिक जमीन को चुनौती देने की रणनीति माना जा रहा है। फतेहपुर से कृष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा ने दलित वर्ग में भी मजबूत संदेश देने की कोशिश की है। यह इलाका इसलिए भी अहम है क्योंकि यहां से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सांसद हैं। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। 10 में से छह सीटें समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई थीं और विधानसभा की 52 सीटों में लगभग 33 पर सपा गठबंधन बढ़त में रहा था। भाजपा पहले से ही क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती रही है। कानपुर में सतीश महाना, कानपुर देहात में राकेश सचान और प्रतिभा शुक्ला, बांदा में रामकेश निषाद, कन्नौज में असीम अरुण और जालौन क्षेत्र में स्वतंत्रदेव सिंह पहले से प्रभाव रखते हैं। वहीं साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जिम्मेदारी देकर भाजपा ने निषाद और पिछड़े वर्गों में भी अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास किया है। कानपुर-बुंदेलखंड भाजपा के लिए हमेशा से सबसे मजबूत राजनीतिक क्षेत्र रहा है। 2017 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां 52 में से 47 सीटें जीती थीं, जबकि 2022 में भी 41 सीटों पर कब्जा बरकरार रखा। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 में तस्वीर पूरी तरह बदल गई। भाजपा चार सीटों पर सिमट गई और कानपुर व फर्रुखाबाद जैसी सीटों पर जीत का अंतर भी बेहद कम रहा। ऐसे में माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले खोई हुई राजनीतिक बढ़त वापस पाने की जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है।



## बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार पर किया कमेंट, जानिए कहा क्या !

( यंग भारत न्यूज )




**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भारतीय जनता पार्टी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि वैसे किसी भी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार उस सरकार का अपना कदम होता है, इस पर कुछ भी बोलना सही नहीं है, लेकिन इसका अच्छा प्रभाव आम जनता पर पड़ना चाहिए, यह जरूरी है.

मायावती ने हाल ही में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारी पर हुए हमले को लेकर कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए योगी सरकार को घेरा. बीएसपी सुप्रीमो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया और लखनऊ में हुए गोलीकांड में युवा मोर्चा के पदाधिकारी को ब्राह्मण बताते हुए अपना ब्राह्मण प्रेम भी जाहिर किया. मायावती ने अपनी पोस्ट में लिखा कि वैसे तो मंत्रिमण्डल का घटाना-बढ़ाना व विस्तार सत्ताधारी पार्टी का आन्तरिक राजनीतिक चिन्तन का मामला ज्यादा होता है और इसीलिए उत्तर प्रदेश मंत्रिमण्डल के कल हुए विस्तार के बारे में कुछ भी टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं होगा, लेकिन कुल मिलाकर इसका अच्छा प्रभाव आमजन के हित के साथ-साथ खासकर सर्वसमाज के गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं के जीवन की बेहतरी और महिला सुरक्षा-सम्मान पर पड़ता हुआ दिखना भी ज़रूर चाहिए, वरना लोग इसको राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधन पर बढ़ा हुआ बोझ ही मान लेंगे. बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्गों में भी विशेषकर कमजोर तबकों के जान, माल व मजहब की सुरक्षा व उन्हें न्याय मिलता हुआ महसूस होने पर सरकार व उनके सभी मंत्रियों के कार्यकलापों में परिलक्षित भी हो तो यह उचित होगा, जो कि सरकारों व उनके मंत्रियों की पहली संवैधानिक ज़िम्मेदारी बनती है. बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि अभी हाल ही में राजधानी लखनऊ में ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाले भाजपा के एक युवा नेता पर जानलेवा हमला होने से हर तरफ एकबार फिर से कानून-व्यवस्था के साथ-साथ इस बात पर भी चर्चा शुरू हो गई है कि यूपी में ब्राह्मण समाज यहां केवल उपेक्षित ही नहीं, बल्कि काफी असुरक्षित भी है, जो अति-चिन्तनीय है. बीएसपी की रही सभी सरकारों में समाज के हर वर्ग के जान, माल व मज़हब के साथ-साथ बेहतरीन कानून-व्यवस्था के तहत ब्राहमण समाज सहित समाज के सभी वर्गों को 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त के अन्तर्गत न्याय और सुरक्षा दी गई थी, जो सर्वविदित है.

## सुर्खियां.............

### सब्जियों से लदी एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी

**जालौन-उरई।** बंगरा मार्ग पर स्थित शम्भू धाम के पास सोमवार की सुबह सब्जियों से लदी एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए।

### माखन चोरी और गोवर्धन लीला से भक्तिमय हुआ माहौल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय( जालौन )।** ग्राम सिरसा दो गढ़ी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन रविवार को श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा व्यास पंडित शिवप्रसाद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण एवं मनमोहक वर्णन करते हुए माखन चोरी, ब्रह्मा मोह भंग, आघासुर एवं बकासुर वध, कालिया नाग दमन तथा गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ के सेवन से हो गई युवक की मौत, पुलिस से की जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** नगर के गांधी नगर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर उसे झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार शाम उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## सीएम का मतलब कोरियर-मैसेंजर : सीएम योगी पर अखिलेश यादव का तंज

### कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का आरोप लगाते हुए दिया बड़ा बयान

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा पर करारा हमला बोला है. अखिलेश यादव ने कहा है कि जब 9 साल में भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं कर सकी तो आखिरी के 9 महीनों में ये मंत्री क्या कर लेंगे?भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी में बढ़ाकर सारे रिकार्ड तोड़ दिए है. ये भी वही करेंगे. भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अत्याचार चरम पर है. पीडीए के साथ अन्याय हो रहा है. जनता त्रस्त है. विकास कार्य ठप्प है. भाजपा सरकार एक तरफ सरकारी बजट की लूट कर रही है तो दूसरी तरफ जनता की जेब काट रही है.



आगे अखिलेश यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन में पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार को सहन नहीं कर पा रही है. लगातार टंकिया गिर रही है. स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग बर्बाद हो गया है. कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी से मंहगाई, भ्रष्टाचार और तेजी से बढ़ रहा है. इस सरकार में वृक्षारोपण भी भ्रष्टारोपण साबित हुआ है. इसी तरह स्मार्ट मीटरों के जरिए भाजपा प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की जेब से पैसा निकाल कर उद्योगपतियों की जेबों में डाल रही है. भाजपा उत्तर प्रदेश की जनता को चौतरफा लूट रही है. अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौकरियों में आरक्षण का घोटाला कर रही है. हक और अधिकार छीन रही है. भाजपा समाजवादी पार्टी के पीडीए से घबराई हुई है. पीडीए समाज भाजपा की चाल को समझ रहा है. पीडीए एकजुट होकर भाजपा की हर साजिश और षड्यंत्र को परास्त करेगा. समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पीडीए को हक, सम्मान और न्याय मिलेगा. प्रदेश का विकास होगा. गरीबों का मुफ्त इलाज होगा. केजी से पीजी तक बेटियों की शिक्षा मुफ्त होगी. अखिलेश यादव ने कहा कि वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं. उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ़ पढ़ी जाएगी. भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है, वैसे जनता पूछ रही है कि फ़िल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर? जनता का अनुरोध है कि फ़िल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है 'कर्मफल-कंसफल' का सिद्धांत समझकर कुछ जागरण हो जाए और कुछ अच्छा बदलाव भी. हम तो यही मानते हैं कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं उसका 'लालच-लोभ' ही बुरा होता है, जो धीरे-धीरे उसका दुराचरण बन जाता है. बुराई इंसान को और बुरा बनाती जाती है. आगे उन्होंने ये भी कहा कि इसके विपरीत ये भी सच है कि जब व्यक्ति 'स्वार्थ' को छोड़कर 'परमार्थ' के मार्ग पर चल निकलता है तो सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है, वो मानवता के लिए सार्थक साबित हो सकता है. अपने अंदर की सौ बुराइयों के ऊपर चंद अच्छाइयां जीत हासिल कर सकती हैं, यही महाकाव्यों का गहरा आंतरिक संदेश है. अपनी गलतियों और दुर्भावनाओं के लिए प्रायश्चित करने का कोई स्थान नियत नहीं होता है, इसके लिए अंदर का प्रकाश चाहिए जो सैकड़ों लोगों के बीच 'अंधेरे बंद परिसर' में भी हो सकता है. तमसो मा ज्योतिर्गमय!

### तबादला नीति घोषणा होते ही उतर गए हैं उन सरकारी पदाधिकारियों के मुँह जो जिले से कमा चुके हैं करोड़ों

## क्या इस वर्ष सच मे हो जाएंगे कई वर्षों से मलाईदार सीटों पर कुंडली मार कर बैठे अभियंताओ, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के तबादले?

» जिले में आते वक्त तो बुरा मुँह बनाते हैं अधिकारी और जिले को भी खराब बताते हैं, किंतु यहाँ जमने के बाद भारी भरकम सरकारी फण्ड वाले पदों से किसी कीमत पर जाने का नाम नही लेते

» जालौन में रुकने के लिए अपने अपने आकाओं की पूरी ताकत लगवा देने के बाद दम से पैसा भी खर्च करते हैं ताकि यह खाऊ कमाऊ जनपद छोड़कर जाना न पड़े

» योगी सरकार मव ही कई वर्षों से उनके पदों पर रुके रहने में उनके आक़ा और उनका धन तथा अन्य हर प्रकार के साधन फिलहाल तो सफल रहे हैं

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/जालौन।** उत्तर प्रदेश सरकार हर वर्ष प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यक्षमता बनाए रखने के उद्देश्य से तबादला नीति लागू करती है। इस नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि कोई भी अधिकारी लंबे समय तक एक ही जिले या विभाग में तैनात रहकर प्रभाव का नेटवर्क न बना सके। लेकिन जनपद जालौन में हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। यहां कई विभागों में अधिकारी वर्षों से जमे हुए हैं और शासन की तबादला नीति उन पर बेअसर साबित होती नजर आ रही है।



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

सबसे ज्यादा चर्चा लोक निर्माण विभाग (PWD) उरई के प्रथम और प्रांतीय खंड को लेकर है। प्रथम खंड में तैनात अधिशासी अभियंता वर्ष 2021 से लगातार जिले में तैनात हैं। करीब पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बावजूद उनका तबादला नहीं हो सका। विभागीय सूत्रों का दावा है कि हर बार तबादला सूची बनने के दौरान उनका नाम किसी न किसी कारण से बाहर हो जाता है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि संबंधित अधिकारी राजनीतिक समीकरणों को साधने में माहिर हैं और इसी वजह से वह लगातार जिले में बने हुए हैं। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड में तैनात अधिशासी अभियंता भी करीब सवा तीन वर्षों से जिले में जमे हुए हैं। उनके कार्यकाल के दौरान कई विवाद सामने आए। शासन स्तर से निलंबन की कार्रवाई भी हुई, लेकिन बाद में उन्होंने हाईकोर्ट से राहत हासिल कर ली और फिर जिले में बने रहने में सफल रहे। सूत्रों के अनुसार, उनके कार्यकाल के दौरान कुछ ऐसे निर्माण कार्यों का भुगतान भी किया गया जिनके धरातल पर पूरा होने को लेकर सवाल उठे थे। कुछ मामलों में प्रतिबंधित भुगतान किए जाने की भी चर्चाएं हैं। हालांकि संबंधित विभाग की ओर से इन आरोपों पर सार्वजनिक रूप से कोई स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। जल शक्ति विभाग के अंतर्गत आने वाले बेतवा नहर खंडों की स्थिति भी सवालों के घेरे में है। यहां तैनात दोनों अधिशासी अभियंता तीन और चार वर्षों से एक ही जिले में कार्यरत हैं। लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती को लेकर विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में चर्चाएं बनी हुई हैं। कृषि विभाग भी इससे अछूता नहीं है। उप कृषि निदेशक और जिला कृषि अधिकारी भी तीन वर्ष से अधिक समय से जिले में तैनात बताए जा रहे हैं। किसानों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विभाग में भी तबादला नीति लागू न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। जिले के अन्य विभागों में भी ऐसे कई अधिकारी हैं जो लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए बताए जाते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार हर वर्ष नई तबादला नीति लागू करती है तो जालौन में उसका असर क्यों नहीं दिखाई देता? क्या अधिकारियों की मजबूत पहुंच और राजनीतिक संरक्षण इस नीति पर भारी पड़ रहा है, या फिर शासन तक वास्तविक स्थिति पहुंच ही नहीं रही? यह सवाल अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। यदि शासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा कराए तो यह स्पष्ट हो सकता है कि आखिर किन कारणों से कुछ अधिकारी वर्षों से एक ही जिले में जमे हुए हैं। फिलहाल जालौन में तबादला नीति को लेकर उठ रहे सवाल प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं।

» जालौन में तबादला नीति बेअसर! वर्षों से जमे अफसरों पर क्यों नहीं चल रहा शासन का चाबुक?

» पीडब्ल्यूडी प्रथम और प्रांतीय खंड में अधिशासी अभियंता तीन से पांच साल से एक ही जिले में तैनात

» बेतवा नहर, कृषि विभाग सहित कई कार्यालयों में भी लंबी तैनाती पर उठ रहे सवाल

» शासन की वार्षिक तबादला नीति के बावजूद जालौन में अफसरों की पकड़ मजबूत, राजनीतिक संरक्षण की चर्चाएं

# जगनेवा में एक वर्ष सबन्हि हो पा रहा है राशन की नई दुकान का चयन, 3 बार हो चुकी प्रक्रिया मगर है अपूर्ण

## -ग्रामीणों को राशन लेने में हो रही है भारी कठिनाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** जगनेवा गांव की उचित दर की दुकान के चयन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लगभग एक वर्ष से दुकान निरस्त होने के कारण ग्रामीणों को राशन व्यवस्था में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, तीन बार तिथि निर्धारित होने के बावजूद खुली बैठक में चयन प्रक्रिया पूरी न होने से ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आ गया।



सोमवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत भवन पर उचित दर विक्रेता के चयन की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें चयन प्रक्रिया होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन मौके पर पहुंचने के बाद पता चला कि उस दिन भी चयन नहीं कराया जाएगा। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध जताया और बाद में लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण तहसील पहुंच गए। तहसील पहुंचकर ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि पहले भी तीन बार तिथि निर्धारित की गई, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से चयन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। इससे गांव के लोगों को राशन वितरण में दिक्कतें हो रही हैं और उन्हें दूसरे गांवों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि चयन स्थगित होने की पूर्व सूचना उन्हें नहीं दी जाती, जिससे ग्रामीणों का समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी रिंकू सिंह राही से ग्रामीणों की वार्ता हुई। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 14 मई को खुली बैठक आयोजित कर उचित दर विक्रेता का चयन कराया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और वापस लौट गए।

# माखन चोरी और गोवर्धन लीला से भक्तिमय हुआ माहौल

## ब्रह्मा मोह भंग, बकासुर वध और कालिया नाग दमन का हुआ भावपूर्ण वर्णन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय( जालौन )।** ग्राम सिरसा दो गढ़ी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन रविवार को श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा व्यास पंडित शिवप्रसाद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण एवं मनमोहक वर्णन करते हुए माखन चोरी, ब्रह्मा मोह भंग, आघासुर एवं बकासुर वध, कालिया नाग दमन तथा गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन किया।



कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन को प्रेम, भक्ति और धर्म का संदेश देती है। गोवर्धन लीला प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने देवराज इंद्र के अहंकार को समाप्त करने के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह लीला भगवान के भक्तवत्सल स्वरूप और धर्म की विजय का प्रतीक है। वहीं कालिया नाग दमन प्रसंग का वर्णन सुन श्रद्धालुओं ने 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर परीक्षित श्रीमती माया देवी सहित धर्मदत्त अग्निहोत्री, राजीव अग्निहोत्री, विनोद, विनय, राजीव कुमार, हरिकृष्ण, विजय कृष्ण अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गईं।

# मातृ दिवस के उपलक्ष्य में माताओं को सम्मान देते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एसएस कन्हैयालाल अग्रवाल मेमोरियल बाल विद्या मंदिर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में माताओं को सम्मान देते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक गतिविधियां और सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं आगंतुक माताओं के स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से सभी माताओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए 'वृद्धाश्रम एक्ट', 'बागवान एक्ट' एवं 'वैल्यू ऑफ मदर एक्ट' जैसी मर्मस्पर्शी प्रस्तुतियां देकर माताओं को भावुक कर दिया।मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरपर्सन नेहा मित्तल ने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं बल्कि बच्चों के संस्कारों की प्रथम गुरु होती है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के पीछे मां का त्याग, समर्पण और संघर्ष छिपा होता है। विशिष्ट अतिथि ऊषा गुप्ता ने मातृ शक्ति को समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा बताते हुए कहा कि माताओं के सम्मान और संस्कारों से ही समाज मजबूत बनता है। कार्यक्रम के दौरान 'बेस्ट मॉम' प्रमाण-पत्र देकर राधा अग्रवाल, इंदु मिश्रा, कल्पना बाजपेई, सुनीता एवं अर्चना खन्ना को सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से सभी माताओं पर पुष्पवर्षा की गई और बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित मदर्स डे कार्ड भेंट किए गए। इसके अलावा कैटवॉक और हुलाहूप गेम्स जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में रंजना दुबे, नैना साहनी, इंदु माहेश्वरी, रश्मि सेठ, विनय गुप्ता, अनंत श्रीवास्तव, सरिता कुशवाहा आदि रहे।



# संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ के सेवन से हो गई युवक की मौत, पुलिस से की जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** नगर के गांधी नगर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर उसे झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार शाम उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला गांधी नगर निवासी जलविहारी रजक पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे हैं। उनका एकलौता बेटा भूपेंद्र उम्र 22 वर्ष सागर चौकी तिराहे पर पोहा का ठेला लगाकर परिवार का भरणपोषण करता था। बताया गया कि 6 मई को उसके परिजन लुहारी गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर में उसने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। पड़ोस के बच्चों ने उसे उल्टी करते देखा तो आसपास के लोगों को जानकारी दी। इसके बाद लोग उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कालेज भेज दिया, जहां रविवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। झांसी में पोस्टमार्टम के बाद शव का कोंच में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की छोटी बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।



# सब्जियों से लदी एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बंगरा मार्ग पर स्थित शम्भू धाम के पास सोमवार की सुबह सब्जियों से लदी एक पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए।



जालौन से एक पिकअप गाड़ी सुबह के समय सब्जियां लेकर बंगरा की ओर जा रही थी। जैसे ही पिकअप शम्भू धाम के पास पहुंची, अचानक उसकी स्टेयरिंग फेल हो गई। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में पिकअप में लदी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और वाहन में सवार लोगों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे में पिकअप सवार दोनों लोग बाल बाल बच गए। बाद में क्रेन की मदद से पिकअप को सीधा किया गया।

# अवैध बालू ले जा रहे ट्रक को एसडीएम के आदेश से पकड़ लिया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** प्रशासन ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना रॉयल्टी बालू लेकर जा रहे एक ट्रक को पकड़ा है। जिस पर कार्रवाई की गई है। एसडीएम रिंकू सिंह राही और एसडीएम न्यायिक विशम्भर सिंह पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान उन्हें कोंच रोड पर बालू लेकर जाता हुआ डंपर दिखा। जिसे रोककर जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक में भरी बालू से संबंधित वैध रॉयल्टी अथवा अन्य आवश्यक दस्तावेज चालक प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज न मिलने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया और खनिज विभाग को सूचना दी।



# दबंग युवक ने पहले की महिला से छेड़खानी, विरोध करने पर कर दी महिला की पिटाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला ने उसके साथ गांव के ही युवक द्वारा छेड़खानी किए जाने और विरोध करने पर पिटाई करने व धमकी देने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति किसी काम के चलते गांव के बाहर गए थे। घर पर वह अपनी सास और बच्चों के साथ अकेली थी। आरोप लगाया कि रात में करीब 10 बजे गांव के ही एक युवक ने उसके दरवाजे खटखटाए। उसने बताया कि पति घर पर नहीं है वह बाद में आए। जिस पर युवक ने बताया उसके पति ने कुछ सामान भेजा है वह आकर सामान ले ले। विश्वास में आकर उसने दरवाजे खोल दिए तो वह युवक जबरन घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उसने गाली, गलौज शुरू कर दी और वहां से भाग गया। महिला ने आरोप लगाया कि कुछ समय बाद युवक अपने परिजन के साथ तमंचा लेकर आ धमका और उसकी पिटाई कर उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा का ब्राह्मण दांव सफल होता दिख रहा है

## जालौन में सुदामा दीक्षित के नेतृत्व में एकजुट होने लगा नाराज युवा वर्ग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए हालिया कैबिनेट विस्तार के दूरगामी परिणाम अब जनपद जालौन में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेहद करीबी माने जाने वाले मनोज कुमार पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने के बाद, उनके खास सिपहसालार और जनपद जालौन के 'युवा हृदय सम्राट' सुदामा दीक्षित का कद तेजी से बढ़ा है।



### नाराजगी हुई खत्म, युवाओं ने थामी भाजपा की राह

पिछले कुछ समय से प्रदेश में ब्राह्मण युवाओं के बीच जो असंतोष और भाजपा से दूरी देखी जा रही थी, वह अब मनोज पाण्डेय और जनपद जालौन में सुदामा दीक्षित के बढ़ते प्रभाव के कारण खत्म होती नजर आ रही है। सुदामा दीक्षित को मनोज पांडेय का 'अभिन्न अंग' माना जाता है, और उनके इस मजबूत राजनैतिक रसूख ने जनपद के नाराज ब्राह्मण युवाओं में नया जोश भर दिया है। अब यह युवा वर्ग पूरी मजबूती के साथ भाजपा के पक्ष में एकजुट होने लगा है।

### वरिष्ठ नेताओं से मेल-मुलाकातों का दौर शुरू

इसी राजनैतिक सक्रियता के बीच, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदामा दीक्षित ने सभासद अन्नू शर्मा और अपनी पूरी टीम के साथ पवन पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात को जनपद के ब्राह्मण समीकरणों को और अधिक मजबूती देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### सुदामा दीक्षित बने ब्राह्मण समाज की मुखर आवाज

पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदामा दीक्षित की लोकप्रियता और युवाओं के बीच उनकी गहरी पैठ ने एक बार फिर उन्हें जनपद की सुर्खियों में ला दिया है। राजनैतिक गलियारों में चर्चा है कि मंत्री मनोज पांडेय के माध्यम से सुदामा दीक्षित अब शासन और सत्ता के बीच एक मजबूत कड़ी साबित हो रहे हैं। इससे न केवल उनकी निजी प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि ब्राह्मण समाज को भी यह संदेश गया है कि भाजपा ही उनकी वास्तविक हितैषी है।

### बदला जालौन का सियासी माहौल

स्थानीय स्तर पर सुदामा दीक्षित के बढ़ते वर्चस्व ने विपक्ष के समीकरणों को बिगाड़ कर रख दिया है। नाराज युवाओं का पुन: भाजपा की मुख्यधारा में शामिल होना और प्रमुख चेहरों का एकजुट होना यह संकेत दे रहा है कि आने वाले समय में जिले की राजनीति में सुदामा दीक्षित की भूमिका और अधिक निर्णायक होने वाली है।

# निकली शोभायात्रा....पलक पांवड़े बिछाकर श्रद्धालुओं ने की आगवानी जगह जगह हुआ पाद प्रक्षालन

## आरती सबके दिन एक से नहीं होते इस सूत्र का निर्माण झांसी में ही किया था : पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर

**झांसी।** महानगर में राजकीय अतिथि भारत देश के सर्वमान्य दिगम्बराचार्य पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागरजी महामुनिराज ससंघ के मंगल हुआ। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जगह जगह पुष्पवर्षा करके आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन करते हुए आरती करके पलक पांवड़े बिछाकर आगवानी की। ग्वालियर रोड स्थित अटल चौक से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा निर्धारित विभिन्न मार्गों से होकर गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर पहुंची। जहां धर्मसभा में आचार्य श्री ने संबोधित करते हुए कहा कि जब परिणामों में गर्मी आए तो थोड़ा सा धैर्य रखो अपने आप ही समाधान मिल जाएगा। उन्होंने आगे पुराने संस्मरणों का स्मरण करते हुए कहा कि सबके दिन एक से नहीं होते इस सूत्र का निर्माण झांसी में ही किया था। दान धर्म को परिभाषित करते हुए कहा कि जो निर्मल भावों से दान करता हैं। उसको दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की होती हैं।



धर्मसभा के शुभारंभ में गणाचार्य श्री विरागसागरजी महामुनिराज के चित्र अनावरण करते हुए दीप प्रज्ज्वलन किया गया। पंचायत अध्यक्ष अजित कुमार जैन, उपाध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, महामंत्री वरुण जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, ऑडिटर राजकुमार भण्डारी, बड़ा मन्दिर मंत्री सुनील जैनको, करगुंवा मंत्री संजय सिंघई, प्यावल मंत्री खुशाल जैन, भगवान महावीर लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष ललित जैन, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, कार्याध्यक्ष कैलाशचंद जैन वर्धमान, मुख्य सलाहकार डॉ जिनेन्द्र जैन, संरक्षक राजेंद्र जैन प्रेस, राजीव जैन सिर्स, मुख्य संयोजक केतन जैन, उपाध्यक्ष अतुल जैन सर, अंकित सर्राफ, अशोक जैन रतनसेल्स, वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, डॉ राजीव जैन, जिनेन्द्र सर्राफ, महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ, मुख्य कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बक्सा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र जैन एलआईसी, कमलेश जैन रोहित गारमेंट्स, संयोजक प्रदीप जैन वर्धमान, इंजी. संजय जैन महोबा, सम्यक भण्डारी, सचिन सर्राफ, संयोग भण्डारी, मुकेश जैन वीडियो, देवव्रत जैन बबलू, विवेक जैन भगतजी सहित अनेकों श्रावक श्राविकाये उपस्थित रहें। धर्मसभा में आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य श्रीमति मेघा झ प्रदीप जैन महरौनी, अनुश्री झ दिव्यांश जैन, दीपांक सिंघई को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य प्रतीक जैन सदर, पुष्पेन्द्र जैन हैंडलूम, रश्मि - सनी जैन चैनू, डॉ राखी जैन, डॉ विनय जैन, सुनील जैन अछरौनी, यश सिंघई को प्राप्त हुआ। मंगलाचरण सौरभ जैन कटरा एवं रजनी जैनको एवं संचालन महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार बड़ा मन्दिर मंत्री सुनील जैनको ने व्यक्त किया। समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रथम दिन मंगलवार 12 मई को प्रात: 07 बजे सुप्राचीन जैन तीर्थ स्थल से घटयात्रा (कलश यात्रा) प्रारंभ होकर मेडिकल कॉलेज गेट नं 2 से 3 के आगे स्थित भगवान महावीर महातीर्थ में बनी विशाल एवं भव्य (अयोध्या नगरी) पांडाल में जायेंगी। जहां पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागरजी महामुनिराज ससंघ के मंगल सान्निध्य में ध्वजारोहण की मांगलिक क्रिया सम्पन्न होगी। तत्पश्चात बाल ब्रह्मचारी पीयूष के निर्देशन में देशना मंडप मंच उद्घाटन, प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण, वेदी शुद्धि की क्रियाएं संपन्न की जायेगीं। प्रात: 08:30 बजे आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होगें। दोपहर 1 बजे यागमंडल विधान, मंगल देशना, सायं 07 बजे महाआरती शोभायात्रा तत्पश्चात शास्त्र सभा, एवं रात्रि 8:30 बजे डिजिटल दरबार में सौधर्म इंद्र सभा सहित 16 स्वप्नों का मंचन होगा।

# मातृ दिवस पर किया गया संगोष्ठी का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कलयुगी बेटों का जी आज हाल देखो दिव्य बेटे के लिए ही सवाल बन जाती है मां ..साहित्य समाज संस्कृति को समर्पित संवेदना साहित्य समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ माया सिंह माया के द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर संवेदना काव्य संध्या का आयोजन सिटी स्कूल राजेंद्र नगर में किया गया जिसकी अध्यक्षता-साहित्य शिरोमणि पंडित यज्ञ दत्त त्रिपाठी एडवोकेट वरिष्ठ साहित्यकार ने की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्य कर पंडित प्रेम नारायण दीक्षित रहे विशिष्ट अतिथि-वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर शालिग्राम शास्त्री रहे कार्यक्रम में देश भर में अपने साहित्य का परचम लहराकर बुंदेलखंड का मान बढ़ाने वाले साहित्यकार , कवि एवं कवित्रियों ने सहभागिता की

यह काव्य संध्या वरिष्ठ साहित्यकार संगम संगोष्ठी पर

आधारित रही मातृ दिवस पर मां की महिमा ,मां का दर्शन, मां की ममता पर ,अनेकानेक मार्मिक रचनाएं पढ़ी गई। इस अवसर पर संस्था अध्यक्षा द्वारा मुख्य अतिथि प्रेम नारायण दीक्षित एवं विवेकानंद श्रीवास्तव को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकारों ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया देश की जानी-मानी कविवित्री प्रिया दिव्यम द्वारा वाणी वंदना की गई ।कार्यक्रम में काव्य पाठ करने वाले कवि एवं कवियित्री जिनके नाम इस प्रकार है

पंडित यज्ञ दत्त त्रिपाठी ने पढ़ा -

मां पा कर आयु हुआ जो बूढ़ा

उसे न समझो घर का कूड़ा

पंडित प्रेम नारायण दीक्षित ने पढ़ा- भूखे हैं बेटे मां को दूध पिलाने दो ममता के आंचल में बच्चे को छुपाने दो डॉक्टर शालिग्राम शास्त्री ने संस्कृत के श्लोक से मातृ दिवस का आराधन किया प्रिया दिव्यम ने पढ़ा प्रेम की मूर्ति मां तुम ही साकार हो श्लोक गीता के ,आयत हो कुरान की

मंत्र पूजा का दिव्यम तुम सार हो

शिरोमणि सोनी ने पढ़ा-

मंगल की मूरत मां की ममता किसी से ना हो सकती मां की क्षमता पुष्पेंद्र पुष्प ने अपना बड़ा मीठा गीत पढ़ा यूं तो इस संसार की हर रचना अनमोल

मां जैसा कोई नहीं देखो आंखें खोल दिव्यांशु दिव्य ने पढ़ा -

कलयुगी बेटों का जी आज हाल देखो दिव्य बेटे के लिए ही सवाल बन जाती है मां

संजय शर्मा ने पढ़ा-रेत की तरह जिंदगी की मुट्ठी से फिसल जाएंगे किस खबर है कब और किधर जाएंगे शत्रुघ्न सिंह सेंगर ने पढ़ा - यहांआते हैं अकेले जाते हैं अकेले हैं भीड़ भरी दुनिया में सुख दुख के मेले हैं सुरेश चंद्र त्रिपाठी ने- एक दुखिया मां का मार्मिक चित्रण राम दुलैया पात्र को लेकर किया विवेकानंद श्रीवास्तव ने पढ़ा - पूज्य है तुलसी के प्रिय राम-भक्त वत्सल गुण निधि सुखधाम वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने पढ़ा हम तो रहे बन पर पीड़ाएं आसपास रहीं चंद्रभूषण बादल ने पढ़ा-

मां धरती है मां ही नभ है

मां ही रब है मां ही सब है डॉ माया सिंह ने पढ़ा -हर रंग में देखा है हर ढंग में देखा है

मैंने तो मां तुझको हर अंग में देखा है इस अवसर पर काफी संख्या में श्रोता समूह ने जमकर कविताओं पर तालियां बजाई

सभी साहित्यकारों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाई

अंत में कार्यक्रम का समापन सिटी स्कूल के प्रबंधक श्री सुरेश तांचलजी ने सभी का आभार अर्पित किया और राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गौ संरक्षण को लेकर प्रशासन गंभीर, डीएम ने गौशालाओं में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## चमारी और सरसोखी गौशालाओं में मिली बेहतर व्यवस्थाएं, पर्याप्त भूसा-चोकर व पशु आहार उपलब्ध



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में संचालित निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए ग्राम चमारी गौशाला एवं ग्राम सरसोखी स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के रखरखाव, चारा-पानी, स्वच्छता तथा पशु स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं निरंतर बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर, खली एवं अन्य पशु आहार उपलब्ध पाया। गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल, छायादार व्यवस्था तथा साफ-सफाई के निर्देश दिए ।उन्होंने निर्देशित किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए गौशालाओं में पानी की उपलब्धता हर समय बनी रहे तथा पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में मौजूद गोवंशों की स्थिति का अवलोकन करते हुए पशु चिकित्सा व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि गोवंश स्वस्थ एवं सुरक्षित रहें ।इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# सब्जी खरीदने गए युवक पर लोहे की रॉड से प्राणघातक हमला

## एसपी को शिकायती पत्र देकर मुकदमा लिखे जाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई कोतवाली थाना क्षेत्र के चकजगदेवपुर गांव के रितिक कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की पुकार लगाई है। 5 मई को दोपहर करीब 4 बजे वे भाई सोनू संग चुर्खी चौराहे पर सब्जी लेने पहुंचे थे। अचानक ग्राम अटरिया के गोलू बाल्मीकि पुत्र बब्लू व उसके 6-7 साथियों ने पीछे से लात मारी। रितिक जमीन पर गिरे तो उन्हें मोटरसाइकिल पर जबरन बिठाकर चुर्खी बाईपास के पास मरघट ले गए। वहां गोलू, प्रदुम व बाकी साथियों ने लोहे की रॉड, हॉकी व ईंट से सिर, कंधे व शरीर पर जमकर पीटा। सिर फट गया, खून बहने लगा।

भाई सोनू व राहगीरों ने हल्ला मचाया तो हमलावर रितिक का मोबाइल (नंबर-9998496878, ईएमआई-350292734473944) छीनकर मां-बहन की गालियां देते भागे। धमकी दी- 'आज बच गया, आगे जान से मारेंगे!' भागते गोलू को पकड़कर थाने लाया। पुलिस ने आरोपी को बिठाया, मेडिकल कराया, लेकिन प्रार्थना पत्र पर एफआईआर नहीं दर्ज की। उल्टे गोलू को छोड़ दिया। दो दिनों से थाने चक्कर लगाने पर कोई कार्रवाई नहीं। पीड़ित ने एसपी से सभी आरोपियों पर सख्त एफआईआर व कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# गांव की चौपाल से ज्ञान की अलख तक पहुँचे पूर्व आईपीएस राजेश पाण्डेय

## - माता प्रसाद पुस्तकालय को 'वर्चस' पुस्तक भेंट कर युवाओं को दिया शिक्षा और संस्कार का संदेश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** यूपीडा एवं पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर तथा पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेश पाण्डेय ने जनपद जालौन के ग्राम चमारी पहुंचकर सामाजिक एवं शैक्षिक जागरूकता का प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने गांव स्थित माता प्रसाद पुस्तकालय में अपनी पुस्तक 'वर्चस' भेंट कर युवाओं और विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पूर्व आईपीएस राजेश पाण्डेय ने कहा कि पुस्तकें केवल जानकारी का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे व्यक्तित्व निर्माण और समाज को सही दिशा देने का सबसे सशक्त साधन हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यही स्थान युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि निरंतर अध्ययन, आत्मविश्वास और मेहनत से प्राप्त होती है। 'वर्चस' पुस्तक के माध्यम से उन्होंने युवाओं को सकारात्मक जीवन मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझने का संदेश दिया ।ग्रामवासियों एवं पुस्तकालय से जुड़े लोगों ने पूर्व आईपीएस अधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत किया और पुस्तक भेंट को गांव के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, पठन-पाठन और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने को लेकर सार्थक चर्चा भी हुई ।ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व का गांव में आगमन युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करता है।

# हलवाई की दुकान पर मिलावटी सामान और ओवरप्राइसिंग की शिकायत, डीएम को दोबारा पत्र दिया

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी की कार्य प्रणाली पर उठते हैं निरंतर सवाल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** इंद्रानगर उरई निवासी राममिलन राजपूत ने जिलाधिकारी जालौन को पत्र लिखकर राजकुमार दुग्ध भंडार ( बच्चा राम स्वीट हाउस के सामने, राजमार्ग उरई) के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राम मिलन ने बताया कि 28 अप्रैल को बहन के विवाह के लिए दुकान से पनीर, दही, खोया, रबड़ी, मटर और क्रीम का ऑर्डर दिया था, लेकिन दुकानदार ने घटिया और मिलावटी सामान देकर कार्यक्रम बर्बाद कर दिया। इससे सामाजिक अपमान हुआ।

शिकायत में कहा गया है कि दुकानदार ने प्रिंट रेट से अधिक पैसे वसूले और बिल देने से इनकार कर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सैंपल भरने के बावजूद पहले शिकायत पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। राम मिलन ने डीएम से पूर्व शिकायत की जांच स्थिति बताने, दुकान की फूड क्वालिटी चेक कराने, मिलावट पर कानूनी एक्शन लेने और ओवरचार्जिंग-बिल न देने पर दंड लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसी धोखाधड़ी से आम उपभोक्ताओं को बचाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

# वीरांगना झलकारी बाई सेवा संस्थान के लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

## कोंच बस स्टैंड स्थित झलकारी बाई चौराहा का नाम न बदले जाने की मांग उठाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** वीरांगना झलकारी बाई सेवा संस्थान के वरिष्ठ युवा नेता संतोष कोरी (जीनू वर्मा) के नेतृत्व में प्रमोद वर्मा एडवोकेट, अनिल कुमार सिंदूर, विजय शास्त्री, दीपनारायण सिंह, रवि वर्मा दिरावटी, मोतीलाल पूर्व सभासद, नीरा देवी, ओमनारायण, मधु अनुरागी, सुमन शर्मा, अंशुल कोरी, आशीष कुमार एडवोकेट आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए बताया कि देश की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के आंदोलन में झांसी की रानी के भेष में अंग्रेजों से युद्ध के दौरान अपने पति वीर पूरन पहलवान तोपची के साथ वीरगति को प्राप्त होने वाले देश की महान वीरांगना झलकारी बाई ने इतिहास में अगिट स्थान बनाया ।कोरी समाज के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई है कि वीरांगना झलकारी बाई के नाम से केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना एवं उरई रोडवेज बस स्टैंड चौराहे का नाम वीरांगना झलकारी बाई के नाम कराया जाये जिससे आने वाली पीढ़ी उनके साहस, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार महान विभूतियों, विरांगनाओं को सम्मान देने का काम कर रही है इस लिए कोरी समाज की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस पुनीत कार्यों को करवा कर भारत के गौरवशाली इतिहास में अपना भी योगदान प्रदान करने में सहयोग करें।

# जलभराव से नया पटेल नगर के लोग परेशान

## -मोहल्ले वालों की कई शिकायत के बाद भी अभी तक नहीं बनी सड़क

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर स्थित डॉ. ब्रज बिहारी स्कूल के पास बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण हल्की बारिश में ही पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों और मोहल्लेवासियों का निकलना दूभर हो जाता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क खराब पड़ी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। वही स्कूल के बच्चों को भी निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मोहल्लेवासी गोविन्द राठौर, शैलेन्द्र मिश्रा, राहुल मिश्रा, संदीप राठौर, राजेश चंद्र द्विवेदी और अनूप शुक्ला ने बताया कि बरसात के समय सड़क तालाब जैसी दिखाई देने लगती है। पानी भरने से लोगों को पैदल निकलने में भी दिक्कत होती है, जबकि दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। स्कूल के आसपास जलभराव होने से बच्चों और अभिभावकों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण और जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और जलभराव की समस्या से स्थायी समाधान दिलाने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। वही डॉक्टर बृज बिहारी स्कूल के छात्र जल भराव के कारण निकल नहीं पाते हैं उनके अभिभावक या स्कूल के कर्मचारी उनको गोद में लेकर बाहर निकलते हैं। जब कहीं जाकर वह अपने गंतव्य तक पहुंच पाते हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं बदली सड़क की स्थिति

उरई। मोहल्लेवासियों का कहना है कि खराब सड़क और जलभराव की समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं कराया गया। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार हर बारिश में सड़क पर पानी भर जाता है और गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण तो करते हैं, लेकिन मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाता। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई है।

# खेती में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने में जुटा प्रशासन, डीएम ने सेंट्रल पीवोट इरिगेशन सिस्टम का किया औचक निरीक्षण

## तालाब में जलस्तर को नहर के माध्यम से शीघ्र पानी भरने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज ग्राम रंगोली में स्थापित अत्याधुनिक सेंट्रल पीवोट इरिगेशन सिस्टम का औचक निरीक्षण कर सिंचाई व्यवस्था का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में आधुनिक सिंचाई तकनीक के उपयोग, जल उपलब्धता तथा किसानों को मिल रहे लाभ की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने पाया कि सिंचाई हेतु उपयोग किए जा रहे तालाब में पानी का स्तर अपेक्षाकृत कम है, जिस पर उन्होंने फटकार लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चूंकि नहरों का संचालन प्रारंभ हो चुका है, इसलिए तत्काल प्रभाव से नहर के माध्यम से तालाब को भरना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक सिंचाई प्रणाली कृषि क्षेत्र में जल संरक्षण के साथ-साथ उत्पादन बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। सेंट्रल पीवोट इरिगेशन सिस्टम से कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई संभव होती है, जिससे किसानों की लागत घटती है और फसलों की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार की आधुनिक तकनीकों को जनपद में अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए तथा किसानों को इनके प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की प्राथमिकता किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है।

# सीओ ने कोतवाली कालपी में त्रिमासिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 11 मई।** सीओ ने त्रिमासिक निरीक्षण दौरान कार्यालय में अभिलेखों के रख रखाव तथा सफाई व्यवस्था बेहतर पाए जाने पर खुश होकर गदगद हुए वही अभिलेखों में छोटी कमियां पाए जाने पर उन कमियों को पूरा करने के निर्देश दिए।

सोमवार के दिन पुलिस उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह जैसे ही कोतवाली कालपी निरीक्षण हेतु पहुंचे वहां पहले से मौजूद प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने पुलिस बल के साथ स्वागत किया इसके उपरांत प्रभारी निरीक्षक के साथ सीओ ने कोतवाली के प्रांगण पर चारों तरफ भ्रमण करके सफाई व्यवस्था का जायजा लिया वहीं सफाई व्यवस्था सही पाई गई इसके उपरांत उन्होंने कोतवाली कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों के रख रखाव का जायजा लिया वहीं पर अभिलेख रखरखाव में सही पाए गए कार्यालय में मौजूद कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र सिंह कार्यालय मुंशी विनीता एवं वीरेंद्र सिंह से पूछताछ की पूछताछ में सही उत्तर दिए जाने पर खुश होकर कार्यालय में मौजूद लोगों का हौसला अफजाई किया इसके उपरांत शस्त्रों की सफाई तथा रखरखाव का बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मौजूद दीवान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी की शास्त्रों के रखरखाव की सरहाना की इसके उपरांत उन्होंने आईजीआरएस पटल एवं तहसील दिवस थाना दिवस



अधिकारियों के द्वारा आए हुए शिकायती पत्रों तथा आदि अभिलेखों को जमकर खंगाला जो कमियां पाएंगे उन कमियों को पूरा कर लंबित पड़े शिकायतों को निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने कार्यालय में बैठकर अभिलेखों का विंदुवार निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान अभिलेखों में जो त्रुटियां पाई गई उन त्रुटियों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने लंबित पड़ी विवेचनाओं को गंभीरता से लेकर वांछित अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर विवेचना समाप्त करने के निर्देश दिए उन्होंने महिला पटल में मौजूद सरिता से महिला उत्पीड़न के बारे में पूछताछ की उन्होंने जवाब में उत्तर दिया की इस समय कोई भी महिला से संबंधित शिकायत लंबित नहीं है न ही माह मई में महिला से उत्पीड़न से संबंधित कोई मुकदमा भी पंजीकृत नहीं होना बताया गया उन्होंने पूरे निरीक्षण दौरान लगभग सारी व्यवस्थाएं सही पाए जाने पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी एवं स्टाफ को धन्यवाद देकर समय से चिन्हित ड्यूटी वाले जगह पर पुलिस जवानों को भेजने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने हल्का इचांर्जो को अपने अपने क्षेत्र में बराबर भ्रमण सील रहकर नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सदैव अमन शांति बनाए रखें साथ में उन्होंने मौजूद प्रभारी निरीक्षक एवं हल्का इचांर्जो को कडे निर्देश दिए इसके क्षेत्र में अपराध घटित हुआ वही जिम्मेदार होगा साथ में मैं किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करूंगा मौके में अतिरिक्त कानून इंस्पेक्टर अवनीश कुमार वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी विपिन यादव उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया उप निरीक्षक उपेंद्र शुक्ला उप निरीक्षक बृजनंदन सिंह उप निरीक्षक ओंकार सिंह उप निरीक्षक पुत्तू लाल सिंह उप निरीक्षक इंद्रमणि चौधरी उप निरीक्षक जगन्नाथ सिंह सिपाही आशीष यादव माहिर कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित वर्मा विशेषज्ञ कंप्यूटर ऑपरेटर दीपेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

## नाला के निर्माण में हो रहा भारी गोलमाल, सभासद ने आरोप लगाते हुए एसडीएम से की जांच कराने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच।** पालिका द्वारा नगर में कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड नंबर 5 मुहल्ला भगत सिंह नगर क्षेत्र की महिला सभासद कमरजहां के प्रतिनिधि शकील अंसारी ने उपजिलाधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है ।शिकायती पत्र में कहा गया है कि ईदगाह की पुलिया से लेकर कर्बला की ओर तक बनाए जा रहे नाले का निर्माण कार्य पिछले करीब तीन वर्षों से चल रहा है लेकिन उक्त नाला निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है ।आरोप है कि निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है और इसमें गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है ।सभासद प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि नाले के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री की मात्रा भी निर्धारित मानकों से कम लगाई जा रही है। इसके अलावा नाले के पानी की निकासी सही दिशा में न होकर ईदगाह क्षेत्र के खाली भूखंड और नई बस्ती की ओर की जा रही है, जिससे भविष्य में जलभराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न होने की आशंका है ।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस नाला निर्माण कार्य की लागत लगभग 30 से 32 लाख रुपये बताई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है। शिकायतकर्ता के अनुसार इससे पहले भी नगर पालिका में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक न तो कोई जांच कराई गई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया ।सभासद प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक जांच समिति गठित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। क्या कहा ईओ ने इस संबंध में पालिका की अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव से दूरभाष पर बात की तो उन्होने कहा सभासद द्वारा किस बात को लेकर शिकायत की गयी इसकी जानकारी नही है ।उन्होने कहा अन्य सभासदो द्वारा बताया गया है कि नाले में पानी भरता है ।जिस संबंध में जेई से बात की गयी है। जिस पर जेई ने कहा कि सामने रहकर फ्लोर का निर्माण कार्य कराया जाएगा ।उसके बाद नाला में जल भराव की समस्या नही रहेगी।

# बहु ने की सास के साथ मारपीट

### -पुत्र और पुत्रवधू के विरुद्व दर्ज हुआ मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** बीते दिन पत्नी की मारपीट पर पीड़ित पति की तहरीर पर कालपी पुलिस ने हमलावर बहू पुत्र के खिलाफ जुर्म धारा 115(2) 352 351(2) के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक रामजीलाल को जांच सौंपी।

ग्राम मंगरोल निवासी रामचंद्र द्विवेदी पुत्र राजेंद्र द्विवेदी ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि 10 मई वर्ष 2026 दिन रविवार को 11 बजे मेरी बहू विद्या पत्नी शिवम द्विवेदी तथा पुत्र शिवम पुत्र रामचंद्र द्विवेदी समेत दोनों ने मेरी पत्नी की गाली गलौज कर मारपीट की मैं बचाने गया मुझको भी धक्का मार कर अपमानित किया घटना में पड़ोसी लोग आए उन्होंने हमलावर बहू पुत्र को ललकारा तभी जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़े



हुए मैं अपनी पत्नी को साथ में लेकर कोतवाली कालपी घटना के उपरांत गया कोतवाली में मौजूद प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी को आपबीती घटना को अवगत कराया कि उन्होंने घटना को संज्ञान में लेकर घायल पत्नी को महिला पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण हेतु भेज कर मुकदमा दर्ज करने के उपरांत कार्यवाही शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से भाजपा बूथ अध्यक्ष की मौत, पुत्र घायल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर-इटोरा मार्ग पर रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में भाजपा के बूथ अध्यक्ष की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।



जानकारी के अनुसार ग्राम अकबरपुर निवासी पूरनलाल (60 वर्ष), जो भाजपा के बूथ अध्यक्ष बताए जा रहे हैं, अपने पुत्र सौरभ (33 वर्ष) के साथ बाइक से उरई किसी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर रात दोनों पिता-पुत्र बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही उनकी बाइक ग्राम पिपराया के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पिता-पुत्र उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने पूरनलाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके पुत्र सौरभ को मामूली चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में भी शोक व्याप्त है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## बकरी चराने निकले युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम छिरावली में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक 22 वर्षीय युवक का शव बाबूल के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजन युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम छिरावली निवासी विशेष कुमार सुबह रोज की तरह घर से बकरी चराने के लिए निकला था। परिजनों के मुताबिक युवक सामान्य स्थिति में घर से गया था और उसके व्यवहार में किसी प्रकार की परेशानी या तनाव दिखाई नहीं दे रहा था। काफी देर तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की।

तलाश के दौरान गांव के बाहर स्थित एक बाबूल के पेड़ पर विशेष कुमार का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना तत्काल कोटर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विमलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिजन युवक की आत्महत्या की बात मानने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि विशेष कुमार का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह पूरी तरह सामान्य अवस्था में घर से निकला था। ऐसे में उसकी मौत कई सवाल खड़े कर रही है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## बाइक चलाते समय आ गई नींद की झपकी, चाचा-भतीजे बुरी तरह घायल, जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे रूकने का नाम नही ले रहे है। एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्राम घमूरी के पास उस समय हुआ जब बाइक चालक को चलते समय झपकी आ गई, जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई ।जानकारी के अनुसार सिरसाकलार थाना क्षेत्र के निवासी करीम खान पुत्र मुनिल खां उम्र 60 वर्ष अपने 35 वर्षीय भतीजे आरिफ पुत्र मुन्ना के साथ मध्य प्रदेश के ग्राम बरथरा दबोह अपने अस्वस्थ बहनोई का हाल चाल जानने गए हुए थे। जो काफी समय से बीमार चल रहे हैं। सोमवार दोपहर दोनों वापस अपने गांव लौट रहे थे तभी कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घमूरी के पास बाइक चला रहे आरिफ खा को अचानक झपकी आ गई। इससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस सहायता नंबर 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन दोनो की हालत गंभीर होने के कारण दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए उरई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया ।घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।





## मानवता की मिसाल बने सभासद अरविंद सिंह सेंगर ध्रुव, जरूरतमंद एवं दिव्यांग परिवार की मदद को बढ़ाया हाथ

( यंग भारत न्यूज )


**माधौगढ़ / जालौन।** माधौगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की एक प्रेरणादायक तस्वीर देखने को मिली, जहां समाजसेवी एवं सभासद अरविंद सिंह सेंगर ध्रुव ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक जरूरतमंद एवं दिव्यांग परिवार की मदद कर सराहनीय कार्य किया। उनके इस मानवीय कदम की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है और स्थानीय लोग इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बता रहे हैं।



जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 2 निवासी एक परिवार लंबे समय से आर्थिक संकट और परेशानियों से गुजर रहा था। परिवार में दिव्यांग सदस्य होने के कारण उनकी समस्याएं और अधिक बढ़ गई थीं। घर की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि परिवार को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। परिवार की स्थिति की जानकारी मिलते ही सभासद अरविंद सिंह सेंगर ध्रुव तुरंत अपने सहयोगियों के साथ परिवार के घर पहुंचे और हालचाल जाना। सभासद द्वारा परिवार को आटा, चावल, दाल, खाद्य तेल, चीनी, नमक एवं अन्य आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। साथ ही परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया गया। मदद मिलने के बाद परिवार के सदस्यों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने सभासद एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। परिवार के लोगों ने कहा कि कठिन समय में मिली यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत साबित हुई है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी सभासद के इस मानवीय कार्य की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि आज के दौर में जब अधिकांश लोग केवल अपने बारे में सोचते हैं, ऐसे समय में जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनकी मदद करना वास्तव में समाजसेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के सुख-दुख में इसी प्रकार सहभागी बनना चाहिए। सभासद अरविंद सिंह सेंगर ध्रुव ने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों, गरीबों और दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब और असहाय लोगों की सेवा करना ही सच्ची मानवता और सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी यदि परिवार को किसी प्रकार की आवश्यकता होगी तो हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर कई स्थानीय नागरिक एवं सहयोगी मौजूद रहे। सभासद के इस सराहनीय कदम ने क्षेत्र में मानवता और सामाजिक एकता का सकारात्मक संदेश दिया है।

## रहस्यमय परिस्थितियों में कानपुर से घर लौटे युवक ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में पसरा मातम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम जहटोली में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय रोहित उर्फ मोनू के रूप में हुई है, जो कानपुर में रहकर मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि वह दो दिन पूर्व ही अपने गांव वापस लौटा था।

परिजनों के अनुसार रोहित की पत्नी इन दिनों औरैया स्थित अपने मायके गई हुई थी। बीती रात रोहित रोज की तरह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। देर रात तक जब कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने कमरे में झांककर देखा तो रोहित फांसी के फंदे पर झूलता मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी जालौन तथा सिरसा कलार थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी मातम का माहौल बना हुआ है।

# 'मैं चार शादी कर सकता हूं, मेरे कई अफेयर हैं'', शादी की पहली रात ही पति की धमकी से टूटी कानपुर की डॉक्टर पत्नी!

( यंग भारत न्यूज )



**कानपुर।** कानपुर की रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. ये एक ऐसा मामला है वह भी जहां पीड़िता खुद पेशे से डॉक्टर है.

पीड़िता का कहना है कि शादी के बाद से ही उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया. महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति का पहले से किसी अन्य लड़की से प्रेम संबंध था, बावजूद इसके उसने दहेज के लालच में शादी की. पीड़िता के अनुसार, उसका संपर्क संभल जिले के एक कारोबारी परिवार से मैरिज साइट के माध्यम से हुआ था. दोनों परिवारों के बीच बातचीत आगे बढ़ी और बाद में शादी संपन्न हुई. महिला का कहना है कि शादी के शुरुआती दिनों में ही पति का व्यवहार बदल गया था. पहली रात पति ने उसे साफ शब्दों में कहा कि उसे 'नौकरानी बनकर रहना होगा' और उसके कई लड़कियों से संबंध हैं. महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि शादी के बाद जब वह पहली और दूसरी बार गर्भवती हुई तो पति और ससुराल वालों ने मिलकर उसे दवाइयां खिलाई, जिससे गर्भपात हो गया. पीड़िता का दावा है कि यह सब उसकी इच्छा के विरुद्ध किया गया. तीसरी बार गर्भवती होने पर वह मायके आ गई, जहां उसने एक बेटी को जन्म दिया. पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान उसके पति ने अपनी प्रेमिका से शादी कर ली. विरोध करने पर पति ने कथित तौर पर कहा कि वह 'चार शादियां कर सकता है.' महिला का कहना है कि इस घटना के बाद से वह लगातार मानसिक तनाव में है और उसे न्याय की उम्मीद है. महिला डॉक्टर की शिकायत पर कानपुर पुलिस ने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ 13 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है, पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके ससुराल वाले राजनीतिक पहुंच रखते हैं, जिसके कारण उसे दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है. पीड़िता ने रोते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की मांग की है, उसका कहना है कि उसे और उसकी बेटी को सुरक्षा दी जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है.

# जिसे पति समझकर 7 साल तक सेक्स करती रही पत्नी, वो निकला गद्दार

## हुआ खुलासा तो पैरों तले खिसक गई जमीन, जानिए क्या है पूरा मामला

( यंग भारत न्यूज )



**भोपाल।** आधुनिकता के इस दौर में रिश्तों की मर्यादा तेजी से खत्म हो रही हैं। सबसे आगे रहने की होड़ में भाग रहे लोग रिश्तों की परवाह किए बिना ही बड़े-बड़े फैसले एक झटके में ले ले रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला मध्यप्रदेश के भोपाल से सामने आया है, जहां एक महिला तलाक की अर्जी लगाने गई तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। कोर्ट में उसे बताया गया कि उसका तलाक 7 साल पहले ही हो चुक है। फिलहाल महिला ने अपने पति के खिलाफ शारीरिक शोषण और प्रताड़ित करने का केस दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मामला राजधानी भोपाल का है, जहां एक महिला बैंक कर्मी की शादी साल 2011 बुलंदशहर के एक युवक से हुई थी। महिला का पति पेशे से इंजीनियर है और मुंबई में जॉब करता है। शादी के शुरुआती दिनों में तो सब कुछ ठीक था, लेकिन कुछ दिन बाद इन दोनों का आपस में झगड़ा होने लगा था। वहीं, पति की हरकतों से परेशान पत्नी अपनी मां के भोपाल में आकर रहने लगी थी। इस दौरान आरोपी पति ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर साल 2019 में पत्नी से तलाक ले लिया। वहीं, मायके में रह रही पत्नी इस बात से बेखबर थी कि पति ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तलाक ले लिया है। वह पत्नी से मिलने कई बार भोपाल आता रहता था और इस दौरान उसने महिला से शारीरिक संबंध भी बनाए। अलग रहने के बाद भी लगातार पति उसे प्रताड़ित कर रहा था, जिससे तंग आकर पत्नी ने तलाक के लिए कोर्ट में आवेदन दिया। महिला की वकील ने पति को तलाक का नोटिस भेजा तब उसने जवाब में कहा कि उसका तलाक तो 2019 में ही हो गया है। मामले की जानकारी होने पर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद पत्नी ने महिला थाने में आरोपी पति के खिलाफ शारीरिक शोषण और प्रताड़ित करने के का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रति मुंबई में जॉब करता है, फिलहाल उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# सड़क बनी 'मंडप', राहगीर बने 'बराती': पकड़े गए प्रेमी जोड़े की ग्रामीणों ने सड़क पर कराई शादी

( यंग भारत न्यूज )



कहते हैं कि इश्क और जंग में सब जायज है, लेकिन भोरे थाना क्षेत्र में जो हुआ उसने फिल्म के स्क्रिप्ट को भी पीछे छोड़ दिया. महरादेउर के एक युवक और बनकटा जागीरदारी की एक युवती के प्रेम का अंत न तो थाने में हुआ और न ही किसी बड़े मैरिज हॉल में.गांव के लोगों ने पकड़े जाने के बाद हाईवोल्टेज ड्रामे के बीच सड़क को ही मंडप बना दिया और वहीं दोनों की शादी करा दी.

महरादेउर का युवक और बनकटा जागीरदारी की युवती चोरी-छिपे नहर के किनारे मिल रहे थे. उन्हें लगा कि सन्नाटा उनके इश्क का गवाह बनेगा, लेकिन गांव के लोगों की नजर उन पर पड़ गई. ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा. पकड़े जाने के बाद पहले तो आक्रोश भड़का, नौबत मारपीट तक आ गई और दोनों को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया गया. सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के परिजन मौके पर पहुंचे. घंटों चली मान-मनौव्वल और लोक-लाज का वास्ता देने के बाद भी प्रेमी जोड़ा अपनी बात पर अडिग रहा. पिटाई और बंधक बनाए जाने के बावजूद दोनों ने एक ही सुर में कहा कि वे एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते. जब समझाने के सारे दांव पेंच फेल हो गए, तो गांव के लोगों ने मौके पर ही फैसला सुना दिया. माहौल की नाजुकता को देखते हुए ग्रामीणों ने मंदिर जाने तक का इंतजार नहीं किया. बीच सड़क पर ही दोनों को खड़ा किया गया. न कोई सजावट थी, न शहनाई की गूंज; बस भीड़ के शोर के बीच दोनों की शादी की रस्में पूरी करा दी गई. लोगों ने अपनी मौजूदगी में ही लड़की की मांग भरवाई और उसे लड़के के साथ विदा कर दिया. इस अनोखी शादी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे पिटाई और हंगामे के बाद अचानक सड़क ही शादी के वेदी में तब्दील हो गई. शादी के बाद दुल्हन बनी प्रेमिका अपने प्रेमी (पति) के साथ उसके घर महरादेउर चली गई. इलाके में इस 'सड़क वाली शादी' की चर्चा हर जुबान पर है.

# जूता चुराई में साली ने मांगा नेग, बदले में दूल्हे ने कर दी ऐसी हरकत. दुल्हन ने कैंसिल की शादी

( यंग भारत न्यूज )



हिंदू समाज में शादियां केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि रीति-रिवाजों और हंसी-ठिठोलियों का उत्सव भी होती हैं. इन्हीं परंपराओं में से एक है 'जूता चुराई', जिसमें सालियां अपने जीजा के जूते छुपाती हैं और बदले में नेग (पैसे) की मांग करती हैं.

लेकिन उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में इस हंसी-मजाक की रस्म का अंत इतना कड़वा होगा, किसी ने सोचा न था. यहां जूता चुराने की बात पर दूल्हा इस कदर आगबबूला हुआ कि उसे अपनी दुल्हन के बिना ही खाली हाथ वापस लौटना पड़ा. मामला कासिमाबाद कोतवाली इलाके के एक गांव का है. बुधवार की रात मरदह थाना क्षेत्र के एक गांव से राजभर बस्ती में बारात आई थी. शुरुआत में सब कुछ बेहद खुशनुमा था. वधू पक्ष ने बारातियों का भव्य स्वागत किया, द्वार पूजा हुई और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे भी संपन्न हो गए. विवाद तब शुरू हुआ जब शादी की रस्में पूरी होने के बाद दूल्हा-दुल्हन को 'कोहबर' ले जाने की तैयारी हो रही थी. परंपरा के अनुसार, सालियों ने दूल्हे का जूता छुपा दिया और नेग मांगने लगीं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी हंसी-मजाक के बीच दूल्हा अचानक अपना आपा खो बैठा. वह न केवल नाराज हुआ, बल्कि सालियों और वधू पक्ष के लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा. दूल्हे के इस व्यवहार को देखकर शादी के जश्न में सन्नाटा पसर गया. वधू पक्ष और गांव के लोगों को दूल्हे की मानसिक स्थिति पर संदेह होने लगा. उन्हें डर सताने लगा कि जो व्यक्ति हंसी-मजाक की एक छोटी सी रस्म को बर्दाश्त नहीं कर पा रहा, वह भविष्य में उनकी बेटी को कैसे खुश रखेगा. देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया. वधू पक्ष ने दो टूक फैसला सुना दिया कि वे अपनी बेटी को ऐसे व्यक्ति के साथ विदा नहीं करेंगे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को बुलाया गया. मौके पर पहुंची कासिमाबाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने और समझौता कराने का काफी प्रयास किया. पुलिस की मौजूदगी में माहौल शांत तो हुआ, लेकिन दुल्हन और उसके परिजन अपने फैसले पर अडिग रहे. अंततः, दूल्हे को बिना दुल्हन के ही बारात वापस लेकर जानी पड़ी. वर्तमान में, दूल्हा पक्ष के लोग सामाजिक स्तर और पुलिस के माध्यम से दोबारा सुलह की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा बच सके और दुल्हन की विदाई हो जाए. हालांकि, वधू पक्ष अभी भी अपने निर्णय पर कायम है.

# शादी क्यों की.देवर की बेवफाई से आगबबूला हुई 4 बच्चों की मां, खेत में बुलाकर ब्लेड से काटा प्राइवेट पार्ट; फिर रची छेड़खानी की झूठी कहानी

**हरदोई।** प्रदेश के हरदोई जिले से एक ऐसी रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने रिश्तों और मर्यादा को तार-तार कर दिया है। यहां प्यार, धोखा और फिर खौफनाक बदले की एक ऐसी पटकथा लिखी गई, जिसे सुनकर हर कोई दंग जिस देवर के साथ भाभी का 4 साल से अफेयर चल रहा था, उसकी शादी कहीं और तय होने से नाराज प्रेमिका ने उसे ऐसी सजा दी कि अब वह जिंदगी भर का दर्द झेलने को मजबूर है। दिल दहला देने वाली यह घटना पाली थाना क्षेत्र के गुजदेई गांव की है। जानकारी के मुताबिक, 20 वर्षीय सुधीर का पिछले 4 वर्षों से अपने ही रिश्ते की एक भाभी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला चार बच्चों की मां है, लेकिन इसके बावजूद दोनों के बीच नजदीकियां बनी हुई थीं। विवाद तब शुरू हुआ जब सुधीर की शादी बीते 6 मई को कहीं और संपन्न हो गई। सुधीर की शादी की खबर मिलते ही उसकी शादीशुदा प्रेमिका बदले की आग में जलने लगी। उसे लगा कि सुधीर ने उसके साथ बेवफाई की है और अब वह उसे छोड़ देगा। शनिवार को महिला ने सुधीर को कुरसेली गांव के पास खेतों में बातचीत के बहाने बुलाया। सुधीर को इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि उसकी प्रेमिका के दिमाग में मौत का खेल चल रहा है। जैसे ही सुधीर खेत में पहुंचा, दोनों के बीच शादी को लेकर तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। गुस्से में अंधी हो चुकी महिला ने अचानक पास रखा ब्लेड निकाला और सुधीर के प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया। हमले के बाद सुधीर लहूलुहान होकर दर्द से तड़पने लगा। हमले के बाद लहूलुहान सुधीर अपनी जान बचाने के लिए सड़क की ओर भागा, जिसके पीछे-पीछे आरोपी महिला भी पहुंच गई। सड़क पर दोनों के बीच काफी देर तक विवाद होता रहा, जिससे वहां राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# शादी से पहले सुहागरात मनाने पहुंचा मंगेतर, किया ऐसा कांड, दुल्हन लगी रोने, कहा- तुम ये क्या

( यंग भारत न्यूज )



शादी तय हो जाती है तो दो मंगेतरों का मिलना आम बात है, खासकर आज के जमाने में शादी के पहले एक दूसरे को जान लेना बेहद जरूरी है. लेकिन शादी के पहले सुहागरात मना लेना आम बात नहीं है. ऐसा ही कुछ हुआ राजस्थान के अलवर में. यहां एक मंगेतर अपनी होने वाली बीवी से शादी से पहले मिलने पहुंचा. इस बीच घर के सभी लोग घर से बाहर गए हुए थे. होने वाली दुल्हन भी दूल्हे से मिली, लेकिन फिर दूल्हे ने कुछ ऐसा किया कि दुल्हन को गुस्सा आ गया. चलिए आपको बताते हैं पूरा मामला क्या है.

मामला है राजस्थान के अलवर का. शादी के पहले और सगाई के बाद दूल्हा अचानक दुल्हन के घर आ धमका. इसके बाद जोर जबरदस्ती से दुल्हन के साथ संबंध बनाए. इस बात से दुल्हन भड़क गई. जब घर वाले वापस आए तो होने वाली दुल्हन उनके सामने रोने लगी और घर वालों को सारी बात बताई. इस बात पर गुस्सा होकर लड़की के घर वालों ने पुलिस को सूचना दी और मामला दर्ज कराया. गांव में रहने वाली एक नाबालिग किशोरी की कुछ दिन पहले सगाई हुई थी. परिवार का कहना था कि जल्द ही बेटी बालिग होने वाली थी, उसके बाद उसकी शादी करने वाले थे. इस दौरान किशोरी अपने होने वाले पति से फोन पर भी बातचीत करती थी और परिवार को इस बारे में जानकारी थी. घर के लोग खेत गए हुए थे. कुछ देर में ही किशोरी के परिवार वाले खेत से लौट आए तो मंगेतर डर गया और वहां से भाग गया. बाद में इसकी सूचना उसके परिवार को दी गई और फिर केस दर्ज कराया गया. पुलिस ने अब आरोपी को अरेस्ट कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है.

# सीतापुर और मेरठ में बदमाशों का एनकाउंटर, 50-50 हजार के इनामी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** जज के नाम पर साइबर ठगों ने वकीलों से मांगे रुपये सोनभद्र जिले में साइबर ठगों ने जिला जज के नाम पर लोगों से मांगे रुपए. जिला जज का व्हाट्सअप बनाकर अधिवक्ताओं को मेसेज भेज कर मांगे रुपये. दो मोबाइल नंबरों से फर्जी व्हाट्सएप बना कर अधिवक्ताओं एवं अन्य अधिकारियों को मैसेज भेजे. जैसे ही प्रकरण की जानकारी जिला जज के पास पहुंची, मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई. सदर मुंसरिम की तहरीर पर मामला दर्ज करते हुए सदर कोतवाली पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है.




संभल जिले में प्राथमिक विद्यालय में मजहबी गतिविधियां चलाने में तीन अध्यापक सस्पेंड. धार्मिक उन्माद फैलाने पर एबीएसए की जांच के बाद डीएम के आदेश फर कार्यवाही. कार्यवाहक प्रधानाध्यापक मोहम्मद अंजार अहमद, सहायक अध्यापक मौहम्मद गुल एजाज तथा कर्तव्य का सही निर्वहन न करने पर अवकाश पर चल रहा प्रधानाध्यपक व वालेश कुमार सस्पेंड. अंजार अहमद एव गुल एजाज के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज,संभल के गांव जालब सराय का मामला. सोनभद्र जिले में दो बार में पकड़ी गई 61.19 लाख की शराब को नष्ट कराया गया. लगभग 12,989 लीटर अवैध शराब की गई नष्ट. 71 मुकदमों का त्वरित निस्तारण कराने में सफलता मिली है. अवैध शराब थाना परिसर में गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराई गई. करमा थाना क्षेत्र के परिसर में की गई कार्यवाही. कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या. पुलिस ने फंदे से उतार कर महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां महिला का देर रात तक इलाज चला. इसके बाद कल्याणपुर के निजी अस्पताल संचालक ने महिला को किया हैलट रेफर. महिला की इलाज के दौरान देर रात हुई मौत. घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत. सीतापुर जिले में पुलिस और बदमाशों में हुई मुठभेड़. अटरिया थाना क्षेत्र के नहर कोठी के पास हुई मुठभेड़. दोनों तरफ से हुई कई राउंड फायरिंग. गोली लगने से बदमाश मो. फरीद और बैजनाथ हुए घायल. दोनों बदमाशों पर था 50-50 हजार का इनाम. चोरी के मामले में चल रहे थे वांछित. बदमाशों से सात लाख के पीली धातु के जेवर हुआ बरामद. बाइक सहित दो तमंचा, चार खोखा, तीन जिंदा कारतूस सहित नगदी हुई बरामद. सिधौली और संदना थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं बदमाश. एसओजी और अटरिया पुलिस को मिली सफलता. हरदोई जिले में लोनार थाना क्षेत्र के चिमना गांव स्थित ईंट भट्ठे पर बड़ा हादसा. बारिश का पानी भरे गड्ढे में डूबने से भाई-बहन की दर्दनाक मौत. मृतक बच्चे लखीमपुर खीरी निवासी मजदूर इरशाद खान के 7 वर्षीय बेटे और 9 वर्षीय बेटी बताए जा रहे हैं. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे. मामले में क्षेत्राधिकारी हरपालपुर सत्येंद्र सिंह ने दी. बदायूं जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस का टायर फटने से बस पलटी. बस पलटने से एक की मौत , 30 लोग हुए घायल. 5 घायलों को जिला अस्पताल और कुछ को लोगों को बरेली कराया गया भर्ती. टायर फटने के बाद बस पलटते हुए सड़क के दूसरी ओर पहुंची. मूसाझाग थाना क्षेत्र के सराय पिपरिया गांव के पास हुआ हादसा. मेरठ जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़. पुलिस की गोली लगने से कुख्यात अमन ओबेरॉय घायल,. मुठभेड़ के दौरान नवीन उपाध्याय भी गिरफ्तार. सड़क पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में भी आरोपी हैं दोनों. पहले भी गंभीर धारा में कई मुकदमे दर्ज. मुठभेड़ के दौरान जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगी. थाना लोहिया नगर क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के पास मुठभेड़.

# कालपी सड़क हादसे के पीड़ित परिवारों के बीच पहुँचे सांसद अनुराग शर्मा

## शोक संवेदना व्यक्त कर 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए

( यंग भारत न्यूज )

**महरौनी/ललितपुर:** ।कालपी के पास नेशनल हाईवे 27 पर अयोध्या धाम के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ हुई भीषण दुर्घटना में जान गंवाने वाले महरौनी के नौ निवासियों के परिजनों से मिलने आज झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री अनुराग शर्मा जी महरौनी पहुँचे।

अत्यंत भावुक क्षणों के बीच, सांसद जी ने माननीय विधायक श्री रामरतन कुशवाहा जी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पीड़ित परिवारों से भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद जी ने मुख्यमंत्री राहत कोष व अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत ?5-5 लाख की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रत्येक पीड़ित परिवार को वितरित किए।



शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता परिवारों का दुख' - सांसद अनुराग शर्मा :- पीड़ित परिवारों से भेंट के उपरांत सांसद श्री अनुराग शर्मा जी ने कहा कि, 'आज मन अत्यंत व्यथित और भारी है। अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे हमारे क्षेत्र के नौ परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, यह क्षति अपूरणीय है। यद्यपि कोई भी धनराशि जीवन की कमी को पूरा नहीं कर सकती, लेकिन शासन की ओर से यह एक छोटा सा प्रयास है कि पीड़ित परिवारों को इस कठिन समय में संबल मिल सके। हम हर कदम पर इन परिवारों के साथ खड़े हैं।इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्हें सांसद जी ने निर्देशित किया कि शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी इन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाए। इस दौरान विधायक श्री रामरतन कुशवाहा जी ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भी इस दुखद घड़ी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

# सोमनाथ के स्वाभिमान पर्व पर सिद्धेश्वर भगवान का हुआ

## महा अभिषेक,आरती एवं भजन संध्या संपन्न

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** ग्वालियर रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर में सोमनाथ के स्वाभिमान पर्व पर आज आचार्य के मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से सिद्धेश्वर भगवान का महा रुद्राभिषेक किया गया तत्पश्चात आरती की गई। हर हर महादेव एवं सोमनाथ भगवान व सिद्धेश्वर भगवान का उद्घोष किया गया। स्थानीय कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किया एवं ओम नमः शिवाय का जाप किया गया। सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। रात्रि में दीपक प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर महानगर धर्माचार्य हरिओम पाठक, ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी ,आचार्य राजीव पाठक, अरुण ओझा,अमित रावत ,अरुण सिंह, ऋषिकेश नायक, माधुरी शर्मा ,सीता सोनी, प्रीति कुशवाहा ,वंशिका द्विवेदी, साधना नायक, अनुष्का चौबे, रमाकांत यादव ,अजय सोनी, भावना कुशवाहा ,अरुण श्रीवास्तव, राम कुमारी, अनुराग चौबे ,आकाश कुशवाहा, माधुरी शर्मा, लाला चौबे, ध्रुव ओझा आदि उपस्थित रहे ।अंत में आचार्य जी ने सोमनाथ से जुड़ी कथाओं को भक्तों को सुनाया।



# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निस्तारण में परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी रेंज ने लगातार 04 बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

( यंग भारत न्यूज )

- जनपद झाँसी नें लगातार 04, जालौन नें लगातार 04 एवं जनपद ललितपुर ने लगातार 02 बार प्राप्त किया प्रथम स्थान
- रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों गुणवत्तापूर्ण / समयबद्ध कराएं विधिक निस्तारण

**झांसी।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली ( आईजीआरएस) में माह अप्रैल,2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि महोदय के कुशल निर्देशन में आईजीआरएस / समाधान पोर्टल पर माह अप्रैल, 2026 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे (इलत्रक्र) पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- अप्रैल 2026 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने वर्ष 2026 में लगातार 04 बार प्रथम रैंक प्राप्त की है साथ ही रेंज के समस्त जनपदों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिसकी आईजी महोदय द्वारा सराहना कर उत्साहवर्धन किया गया।



आई.जी. महोदय द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ0नि0 राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरुष्कार से पुरुष्कृत किया गया है। महोदय द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को (IGRS) प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है जिससे आमजनमानस में पुलिस की उत्कृष्ट छवि, निष्पक्ष कार्यप्रणाली एवं विश्वसनीयता की भावना बरकरार रहे एवं शिकायतों में निरन्तर कमी हो।

# भगवान के नाम की महिमा अपरंपार : अरविंद शास्त्री

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की तीसरे दिन भगवान के नाम जप की महिमा का वर्णन किया गया। भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने अजामिल प्रसंग के माध्यम से कहा कि जीवन में अच्छे दृश्य देखें तथा भगवान का प्रसंग सुनें क्योंकि जैसे दृश्य देखोगे वैसे मन में विचार उत्पन्न होंगे।इसलिए कल्याण मय दृश्यों को देखें और भगवान की कल्याण मयी कथा को सुनें। उन्होंने कहा कलयुग में भगवान का नाम जप बड़े से बड़े पापियों का उद्धार कर देता है ।भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया।संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी।भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के पुत्र अभिषेक पटेल उपस्थित रहे। कथा में विजय नन्ना, कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# सिद्ध पीठ मां कालका मंदिर दूरेड़ी में होगा आज विशाल भंडारा का आयोजन





( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन कथा वाचक लखनलाल दीक्षित ने बताया कि दोस्ती सीखनी है तो सुदामा और भगवान से सीखने लायक है 7 दिन की यह कथा सुनने सभी क्षेत्र के लोग बड़े हर्ष उल्लास से प्रतिदिन कथा सुनने आते रहे तथा कथा वाचक ने कहा कि कुछ जनता जो कथा सुनने आती रही भगवान के कुछ अच्छे कार्यों को अपने जीवन में उतार लेंगे तो ग्रस्तआश्रम आसान हो जाएगा

श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की अनेक प्रेरणादायक कथाएँ वर्णित हैं। इनमें सुदामा जैसी सच्ची मित्रता और कंस वध का प्रसंग विशेष महत्व रखता है। श्रीकृष्ण और सुदामा बचपन के मित्र थे। दोनों ने गुरु संदीपन मुनि के आश्रम में साथ शिक्षा प्राप्त की। समय के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बन गए, जबकि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन बिताने लगे। गरीबी के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र से सहायता नहीं माँगी। पत्नी के आग्रह पर वे श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचे और उपहार स्वरूप थोड़ा सा चिवड़ा लेकर गए। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को देखकर प्रेमपूर्वक गले लगाया, उनके चरण धोए और बड़े आदर से उनका स्वागत किया। भगवान ने सुदामा के साधारण उपहार को भी प्रेम से स्वीकार किया। जब सुदामा वापस लौटे, तो उनकी झोपड़ी महल में बदल चुकी थी। यह प्रसंग सच्ची दोस्ती, प्रेम और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है। दूसरी ओर, कंस अत्याचारी राजा था। आकाशवाणी हुई थी कि उसकी बहन देवकी का आठवाँ पुत्र उसका वध करेगा। भय के कारण कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया। जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब वसुदेव उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहाँ छोड़ आए। बड़े होकर श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का संहार किया। अंततः वे मथुरा पहुँचे और कंस के विशाल अखाड़े में उससे युद्ध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर अत्याचार का अंत किया और धर्म की स्थापना की। यह कथा हमें सच्ची मित्रता, भक्ति, साहस और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की अनेक प्रेरणादायक कथाएँ वर्णित हैं। इनमें सुदामा जैसी सच्ची मित्रता और कंस वध का प्रसंग विशेष महत्व रखता है। श्रीकृष्ण और सुदामा बचपन के मित्र थे। दोनों ने गुरु संदीपन मुनि के आश्रम में साथ शिक्षा प्राप्त की। समय के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बन गए, जबकि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन बिताने लगे। गरीबी के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र से सहायता नहीं माँगी। पत्नी के आग्रह पर वे श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचे और उपहार स्वरूप थोड़ा सा चिवड़ा लेकर गए। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को देखकर प्रेमपूर्वक गले लगाया, उनके चरण धोए और बड़े आदर से उनका स्वागत किया। भगवान ने सुदामा के साधारण उपहार को भी प्रेम से स्वीकार किया। जब सुदामा वापस लौटे, तो उनकी झोपड़ी महल में बदल चुकी थी। यह प्रसंग सच्ची दोस्ती, प्रेम और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है। दूसरी ओर, कंस अत्याचारी राजा था। आकाशवाणी हुई थी कि उसकी बहन देवकी का आठवाँ पुत्र उसका वध करेगा। भय के कारण कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया। जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब वसुदेव उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहाँ छोड़ आए। बड़े होकर श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का संहार किया। अंततः वे मथुरा पहुँचे और कंस के विशाल अखाड़े में उससे युद्ध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर अत्याचार का अंत किया और धर्म की स्थापना की। यह कथा हमें सच्ची मित्रता, भक्ति, साहस और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है।

# छात्र के साथ मारपीट करने वाला गार्ड भारी विरोध प्रदर्शन के बाद निलंबित

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** दो दिन पूर्व विश्विद्यालय के गेट पर छात्र के साथ हुई मारपीट की घटना में गार्ड के साथ कोई कार्यवाही नहीं होने पर छात्र संगठनों के तमाम संगठन के बैनर तले छात्रों ने विश्वद्यालय के मुख्य गेट पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जिससे विश्विद्यालय में कई घंटे तक काम काज ठप्प हो गया। छात्रों का उग्र प्रदर्शन देख विश्विद्यालय प्रशासन ने तत्काल गार्ड को निलंबित कर जांच के आदेश दे दिए है। साथ ही घटना में शामिल अन्य गार्ड पर जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान छात्रों का प्रदर्शन देख भारी पुलिस बल सुरक्षा में मौजूद हो गया।



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में विधि छात्रों के साथ हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता लिया। आज छात्रों के भारी विरोध प्रदर्शन और विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार की तालाबंदी के बाद प्रशासन को झुकना पड़ा है।प्रदर्शन का मुख्य कारण विधि विभाग के छात्र मानव श्रीवास और रोहित पाठक के साथ पिछले दिनों हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ा। छात्रों का आरोप है कि दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई थी, जिसके विरोध में आज एकजुट होकर प्रदर्शन किया गया। छात्रों की इस मांग को विभिन्न संगठनों और वरिष्ठ छात्र नेताओं का पुरजोर समर्थन मिला: जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,समाजवादी छात्रसभा,एन.एस. यू. आई और आजाद समाज पार्टी का छात्र संगठन के प्रमुख छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहें वही वरिष्ठ छात्र नेता बुन्देलखण्ड विश्विद्यालय लव सिन्हा, विभाग संगठन मंत्री विद्यार्थी परिषद निर्भय प्रताप जी, वासुदेव पोखरेल ,आजाद यादव (मम्मा) और अन्य छात्र प्रतिनिधियों ने मोर्चे की अगुवाई की व पूर्ण समर्थन छात्रों को दिया। आक्रोशित छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को लगभग 5 घंटे तक बंद रखा, जिससे परिसर का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। जिन अन्य छः गार्डों ने छात्रों के ऊपर हाथ उठाया या जांच में बाधा डाली, उन पर भी निलंबन की कड़ी कार्रवाई हो साथ ही साथ सार्वजनिक माफी मंगवाओ व मुख्य गार्ड को बदला जाए । छात्रों ने कुलपति ऑफिस में कुलपति से वार्ता कर स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर उनकी सभी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तो वे क्रमिक अनशन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। विश्वविद्यालय परिसर में स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। भारी पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी के बीच प्रशासन छात्रों को शांत करने का प्रयास कर रहा है। इस मौके पे मानव श्रीवास रोहित पाठक, वासुदेव पोखरेल, वरिष्ठ छात्रनेता लव सिन्हा, हर्ष शर्मा,इकाई अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सूर्या प्रताप सिंह , इकाई अध्यक समाजवादी छात्रसभा हर्षवर्धन यादव, सुधांशु दुबे,श्याम जी शर्मा,कार्तिक,विश्व प्रताप सिंह,विराट सिंह (छिरौना),देव सिंह कुशवाहा, लवकुश पटेल,नितेश यादव,आदर्श, हिमांशु यादव उत्तम सिंह राजपूत,श्याम सुंदर राजपूत, अविनाश, रितेश शुक्ला, शिवांक शर्मा , युवराज राठौर,आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718